आकाशवाणी केन्द्र शिमला

16.04.2026 / 09:20बजे

प्रादेशिक समाचार

- नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर आज से संसद का तीन दिवसीय विशेष सत्र आरंभ।
- प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्षा डेजी ठाकुर ने नागरिकों से सशक्त नारी, सशक्त समाज और समृद्ध भारत के संकल्प को साकार करने का किया आहवान।
- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने राज्य की कानून व्यवस्था व भ्रष्टाचार को लेकर राज्य सरकार पर बोला हमला।
- जिला कांगड़ा में स्वास्थ्य विभाग किशोरियों के स्वास्थ्य को लेकर संजीदा।
- प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से कल से फिर करवट लेगा मौसम।

संसद सत्र

नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर आज से संसद का तीन दिवसीय सत्र आरंभ हो रहा है। इस अधिनियम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं का सशक्तिकरण और देश में उनके अधिकार, सम्मान, सुरक्षा और राजनीति में नेतृत्व प्रदान करना है।

*संसद का तीन दिवसीय विशेष सत्र आज से शुरू हो रहा है। यह सत्र 18 अप्रैल तक चलेगा। इस सत्र में खासतौर से नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधनों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इस अधिनियम पर अमल के लिए सरकार तीन संशोधन विधेयक पेश करेगी। इसके मुताबिक लोकसभा की सीटें 543 से बढ़ाकर करीब 850 करने का प्रस्ताव है। परिसीमन विधेयक में लोकसभा में राज्यों के लिए सीटों के आवंटन, प्रत्येक राज्य में विधानसभा सीटों की कुल संख्या और लोकसभा तथा विधानसभा वाले प्रत्येक राज्य को प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों में विभाजित करने का प्रावधान है। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण के लिए इस अधिनियम को 2023 में पारित किया गया था। केंद्र सरकार ने इस विधेयक को देश के लिए एक नई दिशा देने वाला कदम बताया है।*

चंद्र कुमार

जिला कांगड़ा के ज्वाली में दो दिवसीय कल जिला स्तरीय बैसाखी मेले के समापन पर कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिकरत की। उन्होंने सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने के लिए ऐसे आयोजनों की आवश्यकता पर बल दिया। चंद्र कुमार ने कहा कि राज्य सरकार लोक संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है और ऐसे मेलों के माध्यम से युवा पीढी को अपनी जड़ों से जोड़ने का अवसर मिलता है। सांस्कृतिक संध्या पूरी तरह से संस्कृति के रंग में रंगी नजर आई। देर रात तक चले इस रंगारंग कार्यक्रम में लोक गायन नाटी और पारंपरिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस अवसर पर पहाड़ी गायक इशांत भारद्वाज ने मंच पर एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियाँ देकर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

चौगान मैदान

चंबा का दिल कहे जाने वाले ऐतिहासिक चौगान को करीब साढ़े चार महीने के बाद अब आम जनमानस के लिए खोल दिया गया है। चौगान के सौंदर्यीकरण और आवश्यक रखरखाव से संबंधित कार्यों के चलते इसे बंद किया गया था। काबिले गौर है कि चौगान में बर्ष भर कई आयोजन होते हैं जिसमें अन्तर्राष्ट्रीय मिंजर महोत्सव और दशहरा महोत्सव सहित अन्य खेलों के आयोजन शामिल रहते हैं। अब बच्चे और लोग यहाँ सैर करने व खेलने का आनंद ले पाएंगे।

लम्बे समय पश्चात चौगान खुलने पर लोगों ने खुशी का इजहार किया

राजीव बिंदल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने राज्य की कानून व्यवस्था व भ्रष्टाचार के मामलों को लेकर राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। कल पार्टी के एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि हाल ही में सामने आए चेस्टर हिल भूमि घोटाले और 19 वर्षीय छात्रा की निर्मम हत्या से प्रदेश सरकार की अराजकता और अव्यवस्था वाला चेहरा बेनकाब हुआ है। बिंदल ने कहा कि वर्तमान में प्रशासनिक तंत्र संदिग्ध भूमिका में है और अधिकारी आपसी टकराव में उलझे हुए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का व्यवस्था परिवर्तन अब व्यवस्था पतन में बदल चुका है। राजीव बिंदल ने कहा कि प्रदेश सरकार नैतिक रूप से सत्ता में रहने का अधिकार खो चुकी है और हिमाचल की जनता बदलाव का मन बना चुकी है।

पद यात्रा

बीते कल शिमला में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर एक व्यापक मंथन और पद यात्रा का आयोजन किया गया। भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष डेजी ठाकुर के नेतृत्व में हुई इस पद यात्रा में नारी शक्ति फोरम व विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा कि महिलाओं की भूमिका निरंतर मजबूत हो रही है लेकिन अब समय आ गया है कि उन्हें नीति निर्माण और निर्णायक प्रक्रिया में भी समान भागीदारी मिले। डेजी ठाकुर ने कहा कि ये कार्यक्रम महिलाओं के अधिकार, सम्मान और भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए एक व्यापक जन आंदोलन की शुरूआत है। उन्होंने सभी नागरिकों से इस अभियान से जुड़ने और सशक्त नारी, सशक्त समाज और समृद्ध भारत के संकल्प को साकार करने का आहवान किया।

टीकाकरण अभियान

जिला कांगड़ा में स्वास्थ्य विभाग किशोरियों के स्वास्थ्य को लेकर बेहद संजीदा है और इसके लिए विभाग की ओर से गंभीर प्रयास भी किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग अधिक से अधिक किशोरियों तक पहुंच बनाने के लिए प्रयासरत है।

मौसम

प्रदेश भर में आज दिन की शुरूआत खिली धूप से हुई है। हालांकि मौसम विज्ञान केंद्र ने आज रात से पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते मौसम में बदलाव की संभावना जताई है। विभाग ने 17 से 19 अप्रैल तक कुल्लू, कांगड़ा, मंडी और चंबा के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान प्रदेश की ऊंची चोटियों पर जहां हिमपात व ओलावृष्टि का अनुमान है वहीं निचले क्षेत्रों में बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक शोभिर कटयार ने बताया कि कुछ क्षेत्रों में सामान्य से अधिक वर्षा हो सकती है जबकि राज्य के अधिकांश क्षेत्रों में मानसून के कमजोर रहने का अनुमान है।

मौसम विभाग के आंकंड़ों मुताबिक बीते दो दशकों में अधिकांश तौर पर बारिश सामान्य या सामान्य से कम रही है। जबकि कुछ वर्षों में अधिक से अधिकतम बारिश के चलते राज्य को आपदाओं का सामना भी करना पड़ा।

अब एक नज़र अखबारों की सुर्खियों पर.....

आज समाचार पत्रों ने हिमाचल दिवस की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। पंजाब केसरी ने सुर्खी दी है मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने दिए सिविल सर्विसिज अवार्ड, प्रेरणा स्त्रोत सम्मान और हिमाचल गौरव पुरस्कार। दिव्य हिमाचल लिखता है किन्नौर की महिलाओं को 1500, मुख्यमंत्री सुक्खू का रिकांगपिओ में राज्य स्तरीय हिमाचल दिवस समारोह में ऐलान। दैनिक जागरण की सुर्खी है प्रथम व द्वितीय श्रेणी अधिकारियों को मिलेगा पूरा वेतन, मुख्यमंत्री सुक्खू ने की घोषणा, 3 प्रतिशत वेतन स्थगन का आदेश वापस लिया।

हिमाचल दस्तक के शब्द हैं किन्नौर की महिलाओं को 1500 रूपए प्रतिमाह देने की घोषणा।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर आज से संसद का तीन दिवसीय विशेष सत्र आरंभ।

- प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्षा डेजी ठाकुर ने नागरिकों से सशक्त नारी, सशक्त समाज और समृद्ध भारत के संकल्प को साकार करने का किया आहवान।

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने राज्य की कानून व्यवस्था व भ्रष्टाचार को लेकर राज्य सरकार पर बोला हमला।

- जिला कांगड़ा में स्वास्थ्य विभाग किशोरियों के स्वास्थ्य को लेकर संजीदा।

- प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से कल से फिर करवट लेगा मौसम।